इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3069

20 दिसम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

## इस्पात क्षेत्र में लामबंदी

3069. श्री रघुनन्दन शर्मा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान इस्पात के खुदरा मूल्यों में उतार-चढ़ाव आया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा उक्त अवधि के दौरान महत्वपूर्ण कच्चे मालों का मूल्य कितना रहा;

(ग) क्या महत्वपूर्ण कच्चे मालों के मूल्य कम होने के बावजूद इस्पात के मूल्यों में निरंतर वृद्धि हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस्पात क्षेत्र में उत्पादकों द्वारा लामबंदी किए जाने के मामलों की सूचना मिली है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा लामबंदी को समाप्त करने हेतु कौन से कदम उठाए जा रहे हैं ?

## उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

**(क)** और **(ख)**: घरेलू बाजार स्थितियों, अंतर्राष्ट्रीय इस्पात (बाजार) कीमतें, कच्ची सामग्री की कीमतें और अन्य आदानों के अनुरूप घरेलू बाजार में इस्पात मदों की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता रहता है। दिसंबर, 2009 से नवंबर, 2012 की अवधि के लिए घरेलू बाजार में एचआर क्वॉयल और टीएमटी बार के संबंध में कीमतों का तिमाही उतार-चढ़ाव दर्शाने वाली एक तालिका अनुलग्नक-**I** पर दी गई है। दिसंबर, 2009 से नवंबर, 2012 की अवधि के लिए लौह अयस्क और कोककर कोयले जैसी महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री की कीमतों के तिमाही उतार-चढ़ाव को दर्शाने वाली एक तालिका अनुलग्नक-**II** कर दी गई है।

**(ग)** गत 3 वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री, कोककर कोयले की कीमतों में 7.78 प्रतिशत की वृद्धि और लौह अयस्क में 29.56 प्रतिशत (रूपयों में) की वृद्धि हुई है। दूसरी तरफ महत्वपूर्ण कच्ची सामग्रियों, श्रम, परिवहन और अन्य आदानों की लागत में वृद्धि के चलते उक्त अवधि के दौरान इस्पात उत्पादों जैसे हॉट-रोल्ड क्वॉयल और टीएमटी बार की कीमतों में 38.06 प्रतिशत और 53.54 प्रतिशत क्रमशः की वृद्धि हुई है।

**(घ)** और **(ड.)** उपलब्ध सूचना के अनुसार गत 3 वर्षों के दौरान इस्पात क्षेत्र में लामबंदी का कोई मामला सामने नहीं आया है।

**********

अनुलग्नक-I

अतारांकित प्रश्न सं. 3069, दिनांक 20.12.2012

दिसंबर, 2009 से नवंबर, 2012 के दौरान दिल्ली बाजार में इस्पात के खुदरा मूल्यों में उतार-चढाव

रूपए/टन

| माह | हॉट रोल्ड क्वॉयल 2.00एमएम | टीएमटी 10एमएम |
|---|---|---|
| दिसंबर, 2009 | 35310 | 32290 |
| मार्च, 2010 | 36240 | 35100 |
| जून, 2010 | 44660 | 39210 |
| सितंबर, 2010 | 43320 | 36350 |
| दिसंबर, 2010 | 44840 | 36930 |
| मार्च, 2011 | 45540 | 41990 |
| जून, 2011 | 43330 | 43220 |
| सितंबर, 2011 | 43210 | 43870 |
| दिसंबर, 2011 | 47430 | 46370 |
| मार्च, 2012 | 47630 | 47670 |
| जून, 2012 | 49050 | 50280 |
| सितंबर, 2012 | 48840 | 49580 |
| नवंबर, 2012 | 48750 | 49580 |

दिल्ली बाजार में परिवहन, करों एवं शुल्कों सहित सांकेतिक मूल्य (स्रोत:जेपीसी)

अनुलग्नक-II

अतारांकित प्रश्न सं. 3069, दिनांक 20.12.2012

दिसंबर, 2009 से नवंबर, 2012 के दौरान इस्पात के लिए महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री की कीमतें

रूपए/टन

| | रूपए/टन * | | विनिमय दर प्रति अमरीकी डालर ** | रूपए/टन *** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कोकिंग कोल | आयरन ओर | | कोकिंग कोल | आयरन ओर |
| दिसबर, 09 | 172.5 | 110.0 | 46.67 | 8051 | 5134 |
| मार्च, 10 | 232.5 | 143.0 | 45.59 | 10600 | 6520 |
| जून, 10 | 225.0 | 148.5 | 46.41 | 10442 | 6892 |
| सितंबर, 10 | 202.5 | 145.5 | 46.81 | 9478 | 6810 |
| दिसंबर, 10 | 222.5 | 173.5 | 45.33 | 10086 | 7865 |
| मार्च, 11 | 325.0 | 173.5 | 45.25 | 14705 | 7850 |
| जून, 11 | 310.0 | 176.0 | 44.76 | 13876 | 7878 |
| सितंबर, 11 | 302.5 | 186.5 | 47.55 | 14385 | 8869 |
| दिसंबर, 11 | 225.0 | 141.5 | 53.54 | 12046 | 7575 |
| मार्च, 12 | 214.5 | 148.5 | 50.38 | 10806 | 7481 |
| जून, 12 | 223.5 | 137.5 | 55.41 | 12385 | 7619 |
| सितंबर, 12 | 146 | 103.5 | 54.30 | 7928 | 5620 |
| नवंबर, 12 | 158.5 | 121.5 | 54.75 | 8678 | 6652 |

नोट: कोककर कोयला की कीमतें हार्ड कोकिंग कोल एफओबी ऑस्ट्रेलिया की स्पॉट कीमतें हैं

लौह अयस्क की कीमतें 63.5 प्रतिशत लोहांश वाले लौह अयस्क सीएफआर चीन की स्पॉट कीमतें हैं

(स्रोत: *एसबीबी, जैसाकि आर्थिक अनुसंधान इकाई, इस्पात मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई है;

** आर्थिक अनुसंधान इकाई, इस्पात मंत्रालय

*** आर्थिक अनुसंधान इकाई इस्पात मंत्रालय द्वारा अनुमानित)

**********